| | **भारतीय मानक ब्यूरो**<br>**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**<br>**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**<br>मानक भवन, बहादुर शाह जफर मार्ग 9, नई दिल्ली-110002 | |
|---|---|---|
| सत्यमेव जयते | | मानकः पथप्रदर्शकः |

**<u>विज्ञापन सं.07(वाईपी)/2023/एचआरडी</u>**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सांविधिक और भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग एवं प्रयोगशाला परीक्षण इत्यादि गतिविधियां संचालित करता है।

2. बीआईएस ऐसे भारतीय नागरिकों को अनुबंध आधार पर यंग प्रोफेशनलों (वाईपी)- मानकीकरण गतिविधि के रूप में बीआईएस के साथ काम करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जो प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक उपलब्धि, कम्पयूटर पर टेक्नॉलजी आधारित कौशल की अच्छी कार्यकारी जानकारी तथा प्रबल संवाद एवं पारस्परिक कौशल और नेतृत्व की योग्यता रखते हों। विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:

| पद का नाम | श्रेणी | शैक्षणिक योग्यता | | अनुभव | पदों की संख्या | ऊपरी आयु सीमा | पारिश्रमिक हर महीने |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यंग प्रोफेशनल (वाईपी)- मानकीकरण गतिविधि | **एम.डी.टी.** | बी.टेक/बी.ई. मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में | **वांछनीय:** उच्च योग्यता/ अनुसंधान अनुभव/ प्रकाशित पेपर और योग्यता के बाद का अनुभव | बी.टेक/बी.ई. के उपरांत कार्यविवरण -से प्रासंगिक नन्यूतम दो (2) वर्ष का कार्य अनुभव | 01 | 35 वर्ष | ₹70,000 (दो वर्ष के लिए निश्चित) |
| | **एस.डी.एम.सी.** | बी.टेक/बी.ई. खाद्य/ बायोटेक इंजीनियरिंग में | | | 01 | | |
| | | बी.टेक/बी.ई. इलेक्ट्रिकलइलेक्ट्रॉनिक्स / इंजीनियरिंग में | | | 01 | | |
| | **आई.आर.एण्ड टी.आई.एस.डी.** | बी.टेक/बी.ई. कंप्यूटर विज्ञान सूचना प्रौद्योगिकी/ इंजीनियरिंग में | | | 01 | | |
| | **टी.डी.एक्स.** | बी.टेक/बी.ई. टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में | | | 01 | | |

3. **कार्य का स्थान**: यंग प्रोफेशनलों को आवश्यकतानुसार भारत में किसी भी स्थान पर तैनात किया जाएगा।

4. **चयन प्रक्रिया:** सभी प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी और उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनकी योग्यता, अनुभव और आवेदन पत्र में दिए गए अन्य विवरणों के आलोक में सूचीबद्ध किया जाएगा। केवल योग्यता पूरी करने तथा सूचीबद्ध हो जाने से यंग प्रोफोशनलों के रूप में नियुक्त हो जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को व्यावहारिक मूल्यांकन, लिखित मूल्यांकन, तकनीकी ज्ञान मूल्यांकन, साक्षात्कार इत्यादि के लिए बुलाया जाएगा। बीआईएस के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

5. **नियुक्ति की अवधि** : नियुक्ति पूर्णतया संविदा आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए है।

6. **नियुक्ति की प्रकृति**: नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर है और यह अनुबंध अवधि के अंत में निरस्तीकरण के अधीन होगी।

7. **पारिश्रमिक**: यंग प्रॉफेशनल को दो साल के लिए निर्धारित 70,000/- रुपये (सत्तर हजार रुपये मात्र) का समेकित मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। पारिश्रमिक वैधानिक कटौती के अधीन है।

8. **टीए/डीए**: असाइनमेंट में ज्वाइन होने या उसके पूरा होने पर कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा। यदि आधिकारिक असाइनमेंट के संबंध में यात्रा करने और रहने की आवश्यकता होती है, तो टीए/डीए और आवास भत्ता, जैसा कि सहायक निदेशक/ वैज्ञानिक बी स्तर-के नियमित बीआईएस अधिकारी को स्वीकार्य है, का भुगतान किया जाएगा।

9. **छुट्टी**: यंग प्रॉफेशनल एक कैलेंडर वर्ष में बारह (12) दिनों के अवकाश के लिए पात्र होंगे। अनुमन्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति की अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक देय नहीं होगा। साथ ही, अप्रयुक्त छुट्टी को न तो अगले वर्ष के लिए आगे ले जाया जाएगा और न ही भुनाया जा सकेगा ।

10. **कार्यालयीन समय**: यंग प्रॉफेशनल को निर्धारित (अर्थात सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक) कार्यालय के सामान्य कामकाजी घंटों का पालन करना होगा। तथापि, अत्यावश्यकता के अनुसार समयबद्ध कार्य या आउटस्टेशन कार्यों को पूरा करने के लिए देर से बैठना पड़ सकता है। उपस्थिति बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से दर्ज होगी।

11. **कोई अन्य असाइनमेंट नहीं**: नियुक्ति **पूर्णकालिक आधार** पर है और यंग प्रॉफेशनल बीआईएस में नियुक्ति की अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे।

12. **यात्रा, चिकित्सा, उपचार और सेवा के दौरान मृत्यु अथवा बीमारी**: अनुबंध की शर्तों के तहत बीआईएस की ओर से सेवाओं के निष्पादन से संबंधित, और/अथवा अनुबंध के तहत बीआईएस या भारत सरकार के किसी कार्यालय या परिसर में आधिकारिक ड्यूटी या किसी सेवा का निष्पादन करते हुए किसी यंग प्रोफशनेल की मृत्यु, क्षति या बीमारी की स्थिति में वह यंग प्रोफेशनल या उस यंग प्रॉफेशनल के आश्रित, जैसा भी उपयुक्त हो, किसी भी क्षतिपूर्ति या किसी भी दावे के हकदार नहीं होंगे।

13. **मेडिकल फिटनेस और पुलिस सत्यापन**: यंग प्रॉफेशनल की नियुक्ति के बाद पुलिस सत्यापन किया जाएगा। यंग प्रॉफेशनल को नियुक्ति के समय किसी प्राधिकृत/पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर से मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत करना होगा।

14. **अनुबंध / नियुक्ति की समाप्ति**: यंग प्रॉफेशनल की नियुक्ति को बीआईएस द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए उन्हें 30 दिनों का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। हालाँकि, यदि अधिकारी इस्तीफा देना चाहता है, तो उसे पद से इस्तीफा देने से पहले 30 दिनों का अग्रिम नोटिस या उसके एवज में पारिश्रमिक वापिस करनी होगी ।

15. **डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता**:

(क) बीआईएस के लिए एकत्र किए गए डेटा के साथ-साथ डिलिवरेबल्स के बौद्धिक संपदा अधिकार बीआईएस के पास रहेंगे।

(ख) बीआईएस में अपने असाइनमेंट के लिए एकत्र की गई जानकारी डेटा या सांख्यिकीय या कार्यवाही के किसी भी हिस्से का उपयोग या प्रकाशन न किया जाए या किसी तृतीय पक्ष को उसका खुलासा न किया जाए।

(ग) यंग प्रॉफेशनल अनुबंध की समाप्ति से पहले या अंतिम भुगतान जारी होने से पहले असाइनमेंट के रिकॉर्ड के पूरे सेट को बीआईएस को सौंपने के लिए बाध्य है।

(घ) यंग प्रॉफेशनल की नौकरी गोपनीय रूप से उच्चतम मानकों की मांग करती है और सभी स्तरों पर अधिकारी के सभी कार्यों में इसे बनाए रखने की अपेक्षा है।

16. **हितों का टकराव**: नियुक्त यंग प्रॉफेशनल किसी भी मामले में बीआईएस के हितों के विपरीत किसी भी मामले में दूसरों का प्रतिनिधित्व या राय या सलाह नहीं देंगे।

17. **अन्य नियम और शर्तें और सामान्य अनुदेश**

i) अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि यदि नियुक्ति के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने कोई झूठी / मनगढ़ंत जानकारी / दस्तावेज जमा किए हैं तो उनकी उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी और वह कानून / नियमों के अनुसार कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होंगे।

ii) अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिसे आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर दर्ज किया जाना चाहिए और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक सक्रिय/वैध रहना चाहिए। एक बार सबमिट करने के बाद ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। गलत या समाप्त ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होगा।.

iii) अभ्यर्थी ध्यान दें कि नियुक्ति के सभी चरणों में उनकी उम्मीदवारी पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर है।

iv) किसी भूल-चूक/विचलन की स्थिति में ब्यूरो यथा परिस्थिति अधिसूचित रिक्तियों और इस विज्ञापन के किसी प्रावधान में संशोधन/परिवर्तन अथवा विज्ञापन एवं अनुबंध को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

v) चेतावनी: ब्यूरो में चयन स्वतंत्र, निष्पक्ष और योग्यता आधारित है। किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास सेवा से अभ्यर्थिता की समाप्ति के लिए उत्तरदायी होगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

vi) नियुक्ति की प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

18. **आवेदन पत्र जमा करना:** अभ्यर्थियों को केवल बीआईएस वेबसाइट यानी www.bis.gov.in के माध्यम से **ऑनलाइन आवेदन** करना आवश्यक होगा। रोजगार समाचार/एम्प्लोयमेंट न्यूज में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि 02.12.2023 से आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ कर दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.12.2023 होगी। किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यमतरीका स्वीकार नहीं / किया जाएगा। **समय सीमा के बाद प्राप्त या किसी तकनीकी खराबी के कारण प्राप्त न होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रश्न/पूछताछ के मामले में कृपया yp.hrd@bis.gov.in पर लिखें।**

19. **आवेदन शुल्क:** आवेदक को किसी शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

20. **घोषणाएं:** इस प्रक्रिया से संबंधित आगे की सभी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर केवल बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in पर ही प्रकाशित/उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और जानकारी के लिए नियमित रूप से अधिकृत बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in के संपर्क में रहें।

**नोट: बीआईएस बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया औरया आवश्यकताओं को / /रद्द/पुनर्निर्धारित/संशोधित निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीआईएस का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**दिनांक :02.12.2023** — **प्रमुख (एचआरडी)**

**स्थाननई दिल्ली :** — **रोभारतीय मानक ब्यू**